दिन– गुरूवार | दिनांक– 28 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बारह राज्यों को दस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज से दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति समेत एनडीए नेताओं से करेंगे मुलाकात।

03. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सीयूईटी–यूजी दो हजार छब्बीस की संशोधित तिथियां जारी की।

04. और, प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में आंधी–बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की घटनाओं में आठ लोगों की मौत।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————————

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण– पी.एम.ए.वाई.जी. के अंतर्गत बारह राज्यों को दस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। श्री चौहान ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रतिबद्ध हैं कि देश में कोई भी गरीब व्यक्ति कच्चे मकान में न रहे। उन्होंने बताया कि पी.एम.ए.वाई.जी. के तहत चार करोड़ पंचानवे लाख आवास के लक्ष्य के मुकाबले तीन करोड़ इक्यानवे लाख आवास को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। श्री चौहान ने कहा कि तीन करोड़ से अधिक मकान का निर्माण पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण परिवारों के जीवन स्तर में सुधार के लिए निरंतर काम कर रही है। महिला सशक्तिकरण पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पी.एम.ए.वाई.जी. के अंतर्गत स्वीकृत लगभग पचहत्तर प्रतिशत मकान या तो महिलाओं के नाम पर हैं या संयुक्त स्वामित्व में हैं।

————————————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज से दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर हैं। इस दौरान वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात करेंगे। मुख्यमंत्री

राष्ट्रपति को भागलपुर के तिलकपुर गांव में स्वतंत्रता सेनानी तिलका मांझी की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण देंगे।

——साउंड बाइट——

———————————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए ने संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा—सीयूईटी—यूजी, दो हजार छब्बीस की संशोधित तिथियां और प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। एनटीए के अनुसार परीक्षाएं अब इकतीस मई, छह तथा सात जून को आयोजित की जाएंगी। ईद—उल—अज़हा के कारण तिथियां पुनर्निर्धारित की गई हैं। एनटीए ने बताया कि इकतीस मई को परीक्षा देने वाले उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। छह और सात जून की परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जल्द ही जारी किए जाएंगे।

———————————————————————————

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विद्यार्थियों को आश्वस्त किया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड— सीबीएसई द्वारा शुरू की गई नई ऑन—स्क्रीन मार्किंग— ओ एस एम प्रणाली अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक "प्रगतिशील साधन" है। श्री प्रधान ने नई दिल्ली में सीबीएसई अधिकारियों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। सीबीएसई कक्षा बारहवीं की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल में ओएसएम प्रणाली में विसंगतियों और तकनीकी खराबी को लेकर श्री प्रधान ने स्वीकार किया कि कुछ मुद्दे सामने आए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आश्वासन दिया कि चल रही पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान सभी शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

——साउंड बाइट——

बच्चों को ट्रांसपेरेंटली अपने मार्क्स के बारे में जानकारी मिले। उनको ट्रांसपेरेंटली स्कैन कॉपी के माध्यम से उनकी आंसर शीट उनके हाथ में आए। ये ओएसएम की व्यवस्था है। पहली बार देश में सीबीएसई ने इसको प्रयोग किया। इसमें कुछ विसंगति ध्यान में आ रही है। इसको मैं दायित्व लेता हूं। उसको ठीक करा जाए। हम एक भी विद्यार्थी की अन अन्सार्ड क्वेरी को असमाधित नहीं छोडेंगे।

———————————————————————————

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत के मेहनती किसानों के अथक प्रयासों के कारण देश में पर्याप्त खाद्य भंडार मौजूद है। नई दिल्ली में खरीफ अभियान दो हजार छब्बीस के लिए राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने बताया कि इस वर्ष देश में

अनुमानित खाद्यान्न उत्पादन तीन सौ छिहत्तर करोड़ टन से अधिक है, जो पिछले वर्ष की तुलना में पांच दशमलव तीन प्रतिशत अधिक है।

——साउंड बाइट——

————————————————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण– एनएचएआई ने वित्त वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के दौरान मुद्रीकरण के लिए राष्ट्रीय राजमार्गों के प्रस्तावित खंडों की अस्थायी सूची को अंतिम रूप दे दिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि चिन्हित राष्ट्रीय राजमार्ग खंडों की कुल लंबाई एक हजार छह सौ उनसठ किलोमीटर से अधिक है, जो बिहार सहित नौ राज्यों में फैले हुए हैं। सरकार की इस पहल का उद्देश्य परिचालनशील राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों का लाभ उठाकर बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजी जुटाना, निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देना और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विस्तार में तेजी लाना है।

————————————————————————————————

कुर्बानी का त्योहार बकरीद आज पूरे अकीदत और पारंपरिक उल्लास के साथ मनायी जा रही है। ईद–उल–अजहा हजरत इब्राहिम और उनके बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी की याद में मनायी जाती है। एक रिपोट...

——रिपोर्ट——

त्याग, समर्पण और भाईचारे के संदेश का पर्व बकरीद को लेकर राजधानी पटना के गांधी मैदान में आज सुबह बड़ी संख्या में लोग नमाज़ अदा करने के लिए एकत्रित हुए.अमन, खुशहाली और आपसी सौहार्द की दुआ मांगी गयी। हमारे संवाददाताओं ने बताया कि प्रदेशभर की मस्जिदों और ईदगाहों में भी विशेष नमाज़ अदा की गयी। बकरीद को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किये गये हैं। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है तथा सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैय्यद अता हसनैन तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। समाचार कक्ष से निधि श्री।

————————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की इकतीस तारीख को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौतीसवीं कड़ी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा।

————————————————————————————————

आठवीं इंडियन ओपन पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप– दो हजार छब्बीस में बिहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज समेत कुल चार मेडल जीते हैं। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह–मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्रण शंकरन ने बताया कि छब्बीस से अट्ठाईस मई तक बेंगलूरू में खेले गए इस चैंपियनशिप में बिहार के खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने बताया कि शैलेश कुमार और हिमांशु यादव ने पैरा एशियन गेम्स के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

———————————————————————

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व, दक्षिण–पश्चिम और उत्तर–मध्य के मधुबनी, शिवहर और सीतामढ़ी जिले के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ तेज हवा चलने की संभावना है।

––साउंड बाइट––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर जिले का भभुआ उनतालीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस के अधिकतम तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। राजधानी पटना का अधिकतम तापमान चौंतीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में आंधी–बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गयी। खगड़िया और मुजफ्फरपुर में दो–दो, तथा मुंगेर, भागलपुर, पूर्वी चंपारण और पश्चिम चंपारण जिले एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है। पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या–बारह में घर का हिस्सा गिरने से एक व्यक्ति की मलवे में दबकर मौत हो गयी। वहीं, पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में तेज आंधी और बारिश के दौरान कच्चे मकान के ऊपर एक पेड़ गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। जबकि उनकी बेटी और दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरी तरफ, भागलपुर जिले के गौराडीह प्रखंड के भोजपुर गांव में तेज आंधी और बारिश के दौरान बिजली का पोल गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हादसे पर शोक जताया और मृतकों के निकटतम आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया।

———————————————————————————

युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की ओर से पटना के ज्ञान भवन में तीन दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में स्वास्थ्य और संबद्ध क्षेत्रों की कई कंपनियों ने हजारों युवाओं को नौकरी दिये। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

रोजगार मेले का आयोजन पच्चीस मई से शुरू हुआ है, जो सत्ताईस मई तक चला। मेले में कुल दस हजार आठ सौ बयासी अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों ने रोजगार के अवसर प्रदान किये। मेले में जर्मनी, जापान, यूएई, कतर, बहरीन और ओमान समेत विभिन्न देशों में एक हजार नौ सौ चौरासी प्रतिभागियों को रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। मेले में भाग लेने आए अभ्यर्थी प्रियांशु पांडेय ने अपना अनुभव साझा किया।

——साउंड बाइट——

रोजगार मेले के सफल समापन के अवसर पर युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने चयनित युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से सत्यम कुमार।

———————————————————————————

समस्तीपुर के सुल्तानपुर दियारा के पास आज सुबह एक नाव हादसे में तीन लोगों के डूबने से मौत हो गयी, जबकि चार लापता लोगों की तलाश जारी है। एक रिपोर्ट...

——रिपोर्ट——

आज समस्तीपुर जिला के सुल्तानपुर दियारा—मोहिउद्दीननगर से वापस लौटने के दौरान एक नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना सुबह लगभग पांच बजकर पैंतालीस मिनट पर हुई। बाढ़ अनुमंडल के उमानाथ घाट के समीप बिंद टोली के कुल चौदह लोग नाव पर सवार थे। राहत और बचाव दल के द्वारा 7 लोगों को बचा लिया गया, जबकि अब तक तीन लोगों का शव बरामद कर लिया गया है। अन्य चार लापता लोगों की खोज की जा रही है। समस्तीपुर जिला प्रशासन और पटना जिला प्रशासन के द्वारा समन्वय स्थापित कर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बाढ़ के अनुमंडल पदाधिकारी और पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर मौजूद है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से सत्यम कुमार।

———————————————————————————

मुंगेर जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने कोतवाली थाना क्षेत्र के आजाद चौक के पास खड़ी एक पिकअप वाहन से पंद्रह कार्टन प्रतिबंधित कफ सिरप और एक सौ अस्सी लीटर शराब जब्त की है। मौके से उत्पाद विभाग की टीम ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड स्थित ऐतिहासिक और पहाड़ी क्षेत्र ऋषिकुंड मलमास मेला घूमने आई एक बच्ची की कुंड में स्नान करने के दौरान डूबने से मौत हो गयी।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले के करन्डे थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक वाहन से एक हजार बत्तीस बोतल केन बीयर बरामद किया है। वाहन में सवार दो

व्यक्ति भागने में सफल हो गए। वहीं, जिले के शेखोपुरसराय के डोबाडीह से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

नालंदा जिले के नालंदा विश्वविद्यालय बाईपास रोड के नोनही मोड़ के पास एक ट्रैक्टर ने ई—रिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में ई—रिक्शा पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए।

———————————————————————

एसएसबी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मधुबनी जिले के भारत—नेपाल सीमा पर एक नेपाली नागरिक को छह ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के मुफसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कंकौल गांव में एक बच्चे के अपहरण कर हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ध

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बारह राज्यों को दस हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की।

02. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज से दो दिवसीय दिल्ली दौरे पर। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति समेत एनडीए नेताओं से करेंगे मुलाकात।

03. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सीयूईटी—यूजी दो हजार छब्बीस की संशोधित तिथियां जारी की।

04. और, प्रदेश के उत्तरी और पूर्वी हिस्सों में आंधी—बारिश, वज्रपात और ओलावृष्टि की घटनाओं में आठ लोगों की मौत।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।